अमर उजाला

भारी मात्रा में अवैध व नकली शराब बरामद, एक गिरफ्तार

वाराणसी ब्यूरो Updated Fri, 27 Jul 2018 11:36 PM IST

आजमगढ़। कंधरापुर थाना पुलिस के हत्थे उस समय एक बड़ी सफलता हाथ लग गई जब मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने देवखरी स्थित आरा मशीन पर छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद किया। बरामद अवैध शराब की कीमत खुले बाजार में 35 लाख रुपये बतायी जा रही है।

एसओ कंधरापुर तारकेश्वर राय को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के देवखरी गांव स्थित अमरदेव सिंह के आरा मशीन पर अवैध शराब उतारी जा रही है। इस सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस को आया देख कर मौके पर खड़ी स्कार्पियों सवार लोग तहबरपुर की तरफ भाग निकले। इसके अलावा आरा मशीन पर मौजूद अन्य लोग भी इधर-उधर होने लगे। पुलिस ने मौके से अमरदेव सिंह पुत्र कतवारू सिंह को पकड़ लिया। मौके पर 16 ड्रमों में लगभग 32 हजार लीटर अपमिश्रित रेक्टीफाइड स्प्रीट, 5 किग्रा यूरिया, 100 ग्राम नौसादर, एक पिकप, दो मोटरसाइकिल, दो ट्रैक्टर मय ट्राली बरामद की गई। पूछताछ में पकड़े गये अमरदेव ने बताया कि वह और उसका पुत्र गिरधारी सिंह तथा दोस्त इंद्रदेव यादव अन्य साथियों के साथ मिल कर अपमिश्रित शराब मंगाते है और आरा मशीन पर ही शराब तैयार कर उसकी पूरे जिले में सप्लाई करते है। पुलिस ने बरामद अवैध शराब की खुले बाजार में कीमत लगभग 35 लाख रुपये बताया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जगह-जगह दबिश दी जा रही है।

Source: https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/azamgarh/crime/61532714783-azamgarh-news